# राजस्थान में पुलिस-कॉन्स्टेबल के 10 हजार पदों पर होगी भर्ती

## 383 पद बढ़ाए गए, 12वीं पास कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे

**जयपुर।** राजस्थान में पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा की संशोधित विज्ञप्ति जारी की गई है। इसके बाद अब प्रदेश में कुल 10 हजार पदों पर पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती की जाएगी। इससे पहले प्रदेशभर में 9 हजार 617 पदों पर पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती करने का फैसला किया गया था। इसकी आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई थी। मंगलवार को सरकार ने 383 पद बढ़ाए। इसके लिए 12वीं पास कर चुके अभ्यर्थी राजस्थान पुलिस की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर 17 मई तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। इसके बाद रिटर्न और फिजिकल के आधार पर अभ्यर्थी का सिलेक्शन किया जाएगा। इसे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद पोस्टिंग दी जाएगी।

दरअसल, बजट घोषणा में सरकार ने पुलिस कॉन्स्टेबल के पदों पर भर्ती का ऐलान किया था। इसके बाद पुलिस विभाग में भर्ती और पदोन्नित बोर्ड के अतिरिक्त महानिदेशक विपिन कुमार पांडेय ने आरएसी बटालियन, जयपुर और जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के साथ ही प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को लेटर भेजा था। इसमें उन्होंने जिलेवार पुलिस कॉन्स्टेबल के रिक्त (खाली) चल रहे पदों की जानकारी मांगी थी। इसके बाद अब सरकार ने रिक्त पदों के आधार पर ही प्रदेशभर में 10 हजार पदों पर भर्ती करने का फैसला किया है। इसके तहत जिला यूनिट के साथ ही बटालियन में सामान्य कॉन्स्टेबल, ड्राइवर, बैंड, ऑपरेटर के पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

राजस्थान के पुलिस विभाग में कॉन्स्टेबल के 10 हजार पदों पर भर्ती रिटन टेस्ट, फिजिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर की जाएगी। रिटन टेस्ट में शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। फिजिकल टेस्ट क्लियर करने वाले अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। उसके बाद फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।

कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) सेकेंडरी लेवल पास करने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगे। पिछले दिनों कर्मचारी चयन बोर्ड ने सीईटी का आयोजन किया था। इस परीक्षा के पात्र अभ्यर्थी ही अब भविष्य में होने वाली कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उम्मीदवार की उम्र 18 से 28 साल होना जरूरी है। वहीं, आरक्षित श्रेणी को 28 साल से ज्यादा का होने पर भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की छूट दी जाएगी।

## वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जप्त माल की नीलामी अब 21 मई को

**जयपुर।** वाणिज्यिक कर विभाग, प्रवर्तन शाखा-प्रथम के घट-द्वितीय, वृत्त-सी द्वारा जब्त की गई परचून सामग्री की सार्वजनिक नीलामी अब 21 मई को होगी।

प्रवर्तन शाखा-प्रथम, घट-द्वितीय, वृत्त-सी के सहायक आयुक्त सज्जन सिंह यादव ने बताया कि यह नीलामी पूर्व में 14 मई को प्रस्तावित थी, जो अपरिहार्य कारणों से अब 21 मई को प्रात: 11 बजे प्रवर्तन शाखा कार्यालय परिसर में होगी।

इच्छुक बोलीदाता विभागीय वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाता को निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट सहायक आयुक्त (राज्य कर), वार्ड-द्वितीय, सर्किल-सी, प्रवर्तन शाखा-प्रथम, जयपुर के नाम से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से भिड़ी, कार सवार युवक घायल

- आवाज सुन घरों से बाहर निकले लोग, नशे में था कार चालक
- घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

**जयपुर।** सोडाला चौराहे पर देर रात करीब 2 बजे एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से भिड़ी। कार की टक्कर की आवाज सुन कर लोग घरों से बाहर निकले। कार सवार लोगों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की सूचना पर सोडाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। कार सवार युवकों की हालत ठीक बताई जा रही है।

दुर्घटना थाना पुलिस ने बताया कि देर रात ढाई बजे सोडाला थाने से एक दुर्घटना को लेकर सूचना मिली थी। इसके बाद टीम को मौके पर भेजा गया। टीम को मौके पर एक क्षितग्रस्त कार और स्कूटी मिली।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कार ड्राइवर शराब के नशे में था। कार में दो-तीन युवक और थे कार ओवर स्पीड में थी।

कार चालक कार से संतुलन खो बैठा और कार को डिवाइडर पर चढ़ा दी। इससे रोड पर खड़ी एक स्कूटी क्षितग्रस्त हो गई। हादसे के बाद इतना जोरदार धमाका हुआ कि आसपास के लोग घरों से बाहर निकले और घटना स्थल पर पहुंचे। स्थानीय निवासी विमल ने बताया कि उनका घर पास में ही था। दुर्घटना की आवाज सुन कर वह मौके पर पहुंचे तो कार में कुछ युवकों को बाहर निकाला। इस दौरान सोडाला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। लोगों ने 108 को भी सूचना दी।

इसके बाद घायलों को निजी अस्पताल में ले जाया गया। कार चालक ओवर स्पीड में था। इससे वह कार को कंट्रोल नहीं कर सका और कार को डिवाइडर से भिड़ा दिया। दुर्घटना थाना पुलिस ने कार और स्कूटी को सोडाला थाने पर खड़ा करवाया है।

# किराना शॉप से तीन मिनट में 60 हजार पार

## शटर बीच से खींचकर ऊपर किया, कैश काउंटर को तोड़ा

**जयपुर।** ज्योति नगर थाना इलाके में किराना की एक शॉप में सोमवार देर रात चोरी का मामला सामने आया है। शॉप के बड़े शटर को खींचकर बदमाशों ने ऊंचा कर जगह बनाई। अंदर घुसकर कैश काउंटर तोड़कर 60 हजार रुपए चोरी कर ले गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि लालकोठी की एवरेस्ट कॉलोनी निवासी निहाल जिंदल ने मामला दर्ज करवाया कि टोंक रोड पर मोती एंड संस ज्वेलर्स के सामने उनकी श्रीश्याम ट्रेडिंग कंपनी के नाम से किराना शॉप है। रोजाना की तरह सोमवार रात को शॉप क्लॉज कर घर चले गए। देर रात बदमाशों ने चोरी की नीयत से किराना शॉप को निशाना बनाया। करीब 12 फीट चौड़े शटर को बीच से खींचकर ऊंचा किया। शटर के नीचे से अंदर घुसकर चोरों ने कैश काउंटर को तोड़ा डाला। कैश काउंटर में रखे करीब 60 हजार रुपए चोरी कर बदमाश फरार हो गए। मंगलवार सुबह किराना शॉप में चोरी का पता चला। ज्योति नगर थाना पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। किराना शॉप के अंदर-बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों की करतूत कैद हो गई। रात 3:17 बजे आए तीन बदमाशों ने शटर को बीच में से पकड़कर पूरी ताकत से खींचा। शटर खींचकर ऊंचा कर अंदर जाने की जगह बनाई। प्लास्टिक के कट्टे हाथ में लिए दो बदमाश अंदर घुसे। एक बाहर कुछ दूरी पर खड़े होकर निगरानी करने लगा। अंदर घुसे बदमाशों ने कैश काउंटर को तोड़कर उसमें रखे करीब 60 हजार रुपए प्लास्टिक के कट्टे में डालकर फरार हो गए। महज करीब 3 मिनट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

# छत्रपति संभाजी महाराज ने राष्ट्र के स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया : राज्यपाल

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नासिक से आई छत्रपति संभाजी महाराज की अश्व सवार भव्य प्रतिमा का भाव भरा अभिनंदन किया।

**जयपुर।** राजभवन में मंगलवार को छत्रपति संभाजी महाराज जयंती उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस दौरान नासिक से आई उनकी अश्व सवार भव्य प्रतिमा और शोभायात्रा का भाव भरा अभिनंदन किया। दिल्ली में जन्म जयंती मनाने के अंतर्गत मंगलवार को छत्रपति संभाजी महाराज की अश्व सवार प्रतिमा संग शोभा यात्रा राजभवन पहुंची थी।

राज्यपाल ने शोभायात्रा का अभिनंदन करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उनकी प्रतिमा की राजभवन में विधिवत पूजा अर्चना की और कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज धर्माभिमानी थे। उन्होंने औरंगजेब के जुल्म सहे परन्तु राष्ट्र के स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया। राज्यपाल ने छत्रपति संभाजी महाराज को देश धर्म पर मिटने वाला बताते हुए कहा कि उनका समग्र व्यक्तित्व प्रेरणा देने वाला है। वह शिवा का छावा थे। राष्ट्र के गौरव और औरंगजेब द्वारा धर्म परिवर्तन के प्रलोभन अस्वीकार कर उन्होंने अपने प्राण देश और धर्म पर न्योछावर कर दिए। इससे पहले नासिक से शोभायात्रा राजभवन पहुंचने पर उनकी भावभीनी अगवानी की गई।

# 'मोरों के लिए गर्मी में करें परिण्डों की व्यवस्था'

जिला मोर संरक्षण समिति की बैठक में मंगलवार को मोर संरक्षण समिति के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

**जयपुर।** जिला मोर संरक्षण समिति की बैठक जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा वन्यजीव गणना में मोरों की संख्या व मोर के शिकार के प्रकरणों में दोषसिद्धि दर का विशलेषण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। उन्होने गर्मी में मोर व अन्य पक्षियों के पेयजल की व्यवस्था हेतु परिण्डे लगाये जाने पर जोर दिया इसके अलावा मोर बाहुल्य क्षेत्रों में मोर के अण्डो को बचाने हेतु पौष्टिक लम्बी घास व अन्य प्रकार की वनस्पिति लगाने के निर्देश वन विभाग को दिए हैं। बैठक के अन्त में सदस्यों द्वारा मोर संरक्षण समिति के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। बैठक में वी.केतन कुमार, उप वन संरक्षक जयपुर, आरती सिंह, उपनिरक्षक राजस्थान पुलिस जयपुर, रोहित गंगवाल, यशवन्त सिंह रक्षा, एन.जी.ओ., मनीष सक्सेना, हनुमान सहाय मीना, संयुक्त निदेशक, पशु पालन विभाग, सुरेन्द्र सिंह राठौड़, अधीक्षण अभियन्ता, जलदाय विभाग, भजनलाल सी.एफ. डी.सी.पी. दक्षिण, विजय प्रकाश ए.सी.एफ, डी.सी.एफ. जयपुर, उमेश गुप्ता, ए.सी.एफ. जयपुर आदि विभागों व एन.जी.ओ. के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पुराने भवन के मलबे के निस्तारण के लिए नगर निगम से करें सम्पर्क : जितेन्द्र सोनी

**जयपुर।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने उन सभी भवन निर्माण कर्ताओं एवं आमजन से अपील की है कि अपने पुराने भवन को तोड़ कर नवीन भवन का निर्माण कर रहे है तो भवन तोड़ने के पश्चात् शेष रहे मलबे के उचित निस्तारण के लिए नगर निगम ग्रेटर एवं नगर निगम हेरिटेज से अवश्य सम्पर्क करें।

उन्होंने कच्चे फुटपाथो को कंकरिट के स्थान पर इन्टरलाकिंग टाईल्स का प्रयोग करें ताकि बरसात के मौसम मे सड़को का पानी धरती में चला जाए और सड़को को बरसाती नाले बनने से बचाया जा सके।

जिला कलक्टर ने एन्टी स्मॉक गन को उचित स्थान पर लगाने के निर्देश दिए हैं। वही उन्होंने आमजन से कचरा, कचरा-पात्र में डालने या कचरा संग्रहण वाहन में करने की अपील की है ताकि शहर स्वच्छ बनाया जा सकें। यहां सड़को पर सड़क किनारे कचरा डाला जा रहा है वहां उस कचरे को साफ कर धार्मिक महत्त्व पौधे लगाकर शहर को हरा भरा बनाने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि प्लास्टिक न सिर्फ मानव, पशु-पक्षियों के लिए ब्लकि प्रकृति के लिए भी घातक हैं।

इससे नदि नाले अवरूद्ध हो जाते है जिससे शहर में जल भराव एवं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है इसलिए उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने के लिए अवैध रूप से विक्रय हो रही प्लास्टिक के जप्ती की कार्यवाही करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए है। जिला कलक्टर ने इलैक्ट्रिक वाहनो के चार्जिंग पॉइन्ट लागाने हेतु पेट्रोलियम कम्पनियों से सम्पर्क करने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए है। इस दौरान बैठक में वी.केतन कुमार, उप वन संरक्षक जयपुर, मनफूल बिश्नोई उप वन संरक्षक वन वर्धन जयपुर ओमप्रकाश शर्मा, उप वन संरक्षक वन्यजीव जयपुर एवं विभिन्न विभागों यथा शिक्षा विभाग, नगर निगम, जे. डी. ए., खनिज विभाग, पशुपालन विभाग, चिकित्सा विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, रा. राज्य प्रदूषण नियंत्रण, जल संसाधन, खेल, आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला में मसालों और अन्य उत्पादों की हो रही जमकर खरीददारी

## चार दिन में हुई 1.28 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री

जवाहर कला केन्द्र में आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले के प्रति जयपुरवासियों का विशेष उत्साह नजर आ रहा है। मेले में मसालों के साथ ही अन्य उत्पादों की जमकर खरीददारी की जा रही है। पिछले चार दिन में ही मसाला मेले में 1.28 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हो चुकी है।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि मेला दिन-ब-दिन परवान चढ़ रहा है। जयपुरवासी बड़ी संख्या में अपनी आवश्यकता के अनुसार मेले में साबुत एवं पिसे मसालों के साथ ही अन्य उत्पादों की खरीददारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेले में 9 मई को 11 लाख, 10 मई को 42 लाख, 11 मई को 44 लाख एवं 12 मई को 31 लाख रुपये के मसालों और अन्य उत्पादों की बिक्री हुई। कॉनफैड स्टोर पर उपलब्ध सिहोरी गेहूं के साथ ही कोटा-बूंदी का तानसेन एवं मधुबाला चावल, केरल के मसाले, इरोड (तमिलनाडू) की हल्दी, बारां का धनिया आदि की मेले में जबर्दस्त डिमांड है। ग्राहकों के लिए मोबाइल चक्की के माध्यम से मसालों की निशुल्क पिसाई की व्यवस्था की गई है। साथ ही, आगन्तुकों के लिए नि:शुल्क पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

राजपाल ने बताया कि मेले में स्टॉल्स की संख्या बढ़ाकर 145 कर दी गई है। इस बार कॉनफैड कि स्टॉल सहित लगभग 25 स्टॉल्स पर श्री अन्न उत्पाद भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जो ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं। साथ ही, ताजा फल एवं सब्जी भी मेले में उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त ड्राई फ्रूट्स, कुकीज, चिप्स, नमकीन, पापड़, मंगोड़ी, अचार, जैम, शर्बत, ठण्डाई, माउथ फ्रेशनर, कैंडी, मुम्बईया सौंफ, बनारसी पान, इत्र, ऑर्गेनिक अगरबत्ती, मेहंदी, सूखी सब्जियां, रेडी टू ईट प्रोडक्ट्स, किचन वीयर, हैंडीक्राफ्ट्स, सजावटी सामान, सौन्दर्य उत्पाद, हैल्थ प्रोडक्ट्स एवं परिधान आदि विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि मेले में प्रतिदिन मनमोहक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जयपुर संभाग की ओर से हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोहा।

कार्यक्रम में सुदेश शर्मा एंड पार्टी की ओर से दी गई गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने समां बांधा। साथ ही, राजस्थानी लोकनृत्यों की प्रस्तुति ने भी उपस्थित दर्शकों को रोमांचित किया।

## 'सत्य कमाई में खुशियॉ अपार'

**जयपुर।** मानव स्वस्थ एवं सुख समृद्धि के लिए भगवान बुद्ध की शिक्षा, आदर्श व संदेशों को आत्मसात करना आवश्यकता है, मनुष्य जीवन में सत्यकर्म व नैतिक आचरण से ही अपने-पराये के बीच रह रह सकता है।

यह विचार बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध शिक्षा एवं समाज उन्नतीय संस्था द्वारा भगवती नगर आयोजित बुद्ध जयन्ती समारोह में मुख्य अतिथि व्योवृद्ध समाजसेवी रामसिंह ने व्यक्त किये।

उन्होंने बताया कि दिखावे की शान का प्रदर्शन व अधिक आय की चाह के भ्रष्ट तरीकों ने क्रूर व ईर्ष्या को बढा दिया जिससे अपने-पराएं से दूर हुए। झूठी आस्था रखना, असत्य निष्ठा व अनैतिक आचरण सर्वदा विनाशक है।

संस्थापक बौद्ध राधेश्याम कोली ने बताया कि गौतम बुद्ध ने इंसान को "अप्प दीपो भव" का संदेश दिया। कोली ने इंसानियत का पालन तथा अपने बुजुर्गो व मॉ-बाप की सेवा कर जीवन को सार्थक बनाने का भी आह्वान किया।

समारोह में बुद्ध ज्ञान व शिक्षाओं के 'अ' व 'ब' भाग के प्रश्नोत्तरी में लोगों ने उत्साहपूर्व भाग लिया।

## सार-समाचार

### पानीपेच रोड पर जल मंदिर का लोकार्पण

**जयपुर।** पानीपेच स्थित टीम 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा ट्रैफिक पुलिस चौकी के पास पानीपेच रोड पर लगभग सात साल से बंद पड़ी पानी की प्याऊ का जीर्णोद्धार करवाकर पीपल बुध पूर्णिमा पर उद्घाटन किया गया। टीम 39 के प्रधान ट्रस्टी विष्णु बियानी व मीडिया प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कि यह प्याऊ पिछले सात साल से जर्जर अवस्था में थी एवं बंद पड़ी थी। टीम 39 द्वारा इसमें टाइल्स एवं मरम्मत कार्य करवाके नई पानी की टंकिया लगाके, दो वाटर कूलर सहित 21 घड़े लगाके इसे चालू किया गया है जो कि निरंतर चालू रहेगी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनोज मुदगल(चेयरमैन अतिक्रमण निरोधक समिति नगर निगम जयपुर हेरीटेज पार्षद वार्ड नंबर-35, सुभाष व्यास (पार्षद वार्ड नंबर 34) द्वारा किया गया। संजीव सुरोलिया, रविंद्र यादव, सुनील शर्मा, रामवतार अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राम प्रकाश शर्मा, ताराचंद गोयल, नेतराम गुर्जर, महेंद्र खंडेलवाल, कमला जांगिड़, दुर्गेश शर्मा, घनश्याम शर्मा, सुनील अग्रवाल, होती, विमलेश शर्मा, द्वारका प्रसाद जांगिड़, आनंद सिंह नरूका, कमल सिंह, शाहिद भाई, अशोक दुसाद, कैलाश खांडल, कर्मवीर चौधरी, प्रमोद अग्रवाल, दुर्गा लाल चौधरी, संदीप शर्मा, यशवर्धन सिंह, लोकेश शर्मा, सुनील कुमार, पवन वर्मा, हरीश वर्मा अन्य कई लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का दुपट्टा व माला पहना कर स्वागत किया गया व अतिथियों द्वारा पट्टिका का लोकार्पण कर प्याऊ का उद्घाटन किया गया।

### पूजा मित्तल ने सीनियर डीसीएम का पदभार संभाला

**जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर भारतीय रेलवे यातायात सेवा-2014 की अधिकारी पूजा मित्तल ने मंगलवार को पहली महिला अधिकारी के रूप में जयपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्य ग्रहण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि पूजा मित्तल नें इससे पहले सहायक वाणिज्य प्रबंधक व सहायक परिचालन प्रबंधक-अजमेर, सहायक परिचालन प्रबंधक-जयपुर, मंडल वाणिज्य प्रबंधक-जयपुर, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक-मुख्यालय के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं। पूजा मित्तल ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि उनका उद्देश्य बेहतर यात्री सुविधाओं और बेहतर प्रशासनिक तालमेल पर रहेगा।

### कनक शर्मा ने नाम रोशन किया

**जयपुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम मंगलवार 13 मई को जारी कर दिया गया है। इसके तहत इनकम टैक्स कॉलोनी निवासी कनक शर्मा ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 82 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रताप नगर स्थित डॉल्फिन हाई स्कूल की छात्रा कनक शर्मा ने बताया कि उसने बोर्ड एग्जाम के लिए किसी भी तरह का कोई ट्यूशन और कोचिंग नहीं लिया। केवल सेल्फ स्टडी करते हुए यह अचीवमेंट हासिल किया है। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कनक ने अपने पिता वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय भवानी शंकर शर्मा व माता मोनिका शर्मा और स्कूल के टीचर्स जान्हवी मुकरेजा और मुकेश शर्मा को दिया है। कनक का कहना है कि वह भविष्य में आईआईटीयन बनाकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करना चाहती है।

### ब्रजेश्वरी कट्टा को मिले 96 फीसदी अंक

**जयपुर।** सीबीएसइ 12 में ब्रजेश्वरी कट्टा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। सुजल को पढ़ाई करना विशेष रुचिकर लगता है। इस सत्र में ब्रजेश्वरी ने लगातार पढ़ाई को समय दिया आखरी के तीन महीने सोसल मीडिया से दूरी बनाई व निरंतर अभ्यास करते हुए बेहतर परिणाम प्राप्त कर अपने परिजनों का नाम रोशन किया। सीबीएसइ 12 में सुजल महर्षि ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। सुजल को पढ़ाई करना ,एक्सरसाइज करना ,और एक्टिंग करने की रुचि है इसमें कई शॉर्ट फिल्म और ऐड फिल्म में काम किया है, और अभी 4 जून को रिलीज, होने वाली राजीव राय की फिल्म जोरा में भी अभिनय किया है।

### जयपुर की रूचि गुर्जर अपनी फिल्म लाइफ के लिए पहुंची कांन्स फिल्म फेस्टिवल

**जयपुर।** जयपुर की रूचि गुर्जर अपनी फिल्म लाइफ के साथ कांन्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में भारत का प्रनिधित्व करने जा रही है। बतौर अभिनेत्री फिल्म लाइफ में अपने दमदार अभिनय के लिए कांन्स फिल्म फेस्टिवल में पहुंचने वाली है। जयपुर के महारानी कॉलेज से बीबीए की पढाई पूरी करने के बाद रूचि ने मुंबई की ओर रुख किया और फिल्मों में अपनी कला का परिचय दिया। फिल्म में रूचि गुर्जर ने एक ऐसी महिला की भूमिका निभाई है जो सामाजिक दबावों और भावनात्मक संघर्षों से जूझ रही है। अपने कांन्स तक के सफर के बारे में रूचि कहती है कि फिल्म लाइफ मेरे लिए एक भावनात्मक सफर रहा है। झुंझुनूं जैसे छोटे शहर से निकलकर कांन्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचना एक सपना साकार होने जैसा है। यह पल में हर लड़की को समर्पित करती हूं जो जयपुर ही नहीं पूरे राजस्थान का नाम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रसिद्ध करना चाहती है।

### देबांशी शेखावत राजस्थान में प्रथम

**जयपुर।** देबांशी शेखावत ने सीबीएसई 12 में राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्याश्रम स्कूल में अध्ययनरत देबांशी ने 500 में से 499 अंक प्राप्त किये। वे एडीजे लोकेंद्र सिंह शेखावत की पुत्री हैं।

### पेयजल समस्या के समाधान के लिए लगाया विशेष शिविर

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के प्रेरणादायी मार्गदर्शन और सार्थक प्रयासों से झोटवाड़ा की ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या के समुचित समाधान हेतु विशेष शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुए। यह शिविर ग्राम पंचायत कार्यालय, भैंसावा और ग्राम पंचायत कार्यालय, आसलपुर में आयोजित हुआ। इस शिविर से जोरपुरा, आसलपुर, बोबास, बस्सी झाझड़ा, आईदान का बास, ढाणी बोराज, ढीण्डा, भैंसावा, करणसर, लोहरवाड़ा, डूंगरीकलां, हिंगोनिया, जोरपुरा, सुन्दरियावास, कुड़ियों का बास ग्राम पंचायतें लाभान्वित होंगी। ये एक समर्पित प्रयास-जनता की बेहतर सुविधा के लिए है।